Seventeenth Loksabha

>

Ttile: Demand to provide compensation to cotton farmers who suffered crop loss in Khargone, Madhya Pradesh.

श्री गजेंद्र उमराव सिंह पटेल (खरगौन): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान खरगौन लोक सभा क्षेत्र के तहत बड़वानी और खरगौन जिलों के ज्वलंत मुद्दों की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । इस वर्ष दोनों जिलों में अत्यधिक वर्षा होने के कारण काफी नुकसान हुआ है । यह क्षेत्र सफेद सोने के नाम से प्रसिद्ध है, जहाँ पर काफी कपास होता है । परन्तु मध्य प्रदेश की सरकार द्वारा मेरे किसान भाइयों का व्यवस्थित रूप से सर्वे न करने और सही मूल्यांकन न करने के कारण उनको मुआवजा नहीं मिल पा रहा है । बीमा कम्पनियों द्वारा भी सर्वे किया गया है । परन्तु कई किसानों द्वारा शिकायत करने के बाद भी आज तक हमारे किसानों को लाभ नहीं मिल पा रहा है ।

मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करता हूँ ताकि मेरे किसान भाइयों को शीघ्र ही लाभ मिले । बीमा कम्पनियों से लाभ दिलाएँ ताकि किसानों का हित हो सके ।